आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने अपने पद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल शिक्षा विभाग के अंकुरण पोर्टल का शुभारंभ किया।
3. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, भवन नियमों के उल्लंघनों की पहचान हेतु एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगा।
4. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से वंडूर और रामनगर समुद्र तट पर 'द्वीप तट खेल' का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने अपने पद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में डॉ. मुरुगन ने कहा कि दिहाड़ी मजदूर के परिवार से निकलकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में सेवा करने तक का सफर उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। डॉ. मुरुगन ने कहा कि मंत्रिपरिषद में पिछले पांच वर्षों के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के धैर्य, करुणा और असाधारण समर्पण को करीब से देखने का अवसर मिला।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल शिक्षा विभाग के अंकुरण पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पहल कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के बीच पढ़ने, लिखने और गणित सहित बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता कौशलों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप शुरू की गई है। इस पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता की आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर पहचान, प्रतिदिन 30 मिनट के समर्पित शिक्षण सत्र, एक संरचित पाठ्यक्रम और नियमित मूल्यांकन शामिल हैं।

उधर, द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपराज्यपाल ने बेड एंड ब्रेकफास्ट और होमस्टे प्रतिष्ठानों के पंजीकरण से जुड़े दिशा–निर्देशों में संशोधनों को भी मंजूरी दी है। इसके अनुसार, होमस्टे संचालित करने के लिए भवन मालिक के उसी परिसर में निवास करने की अनिवार्यता को समाप्त कर

दिया गया है। इसके अलावा, होमस्टे में कमरों की अनुमेय संख्या को छह से बढ़ाकर अधिकतम आठ कर दिया गया है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास से दो एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन को ये एम्बुलेंस NHIDCL की ओर से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत प्रदान की गई हैं, ताकि जिले में रेफरल और आपातकालीन रोगियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस पहल से दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर जिला उपायुक्त सुशांत पाधा, उपराज्यपाल की सचिव ज्योति कुमारी और विशेष सचिव अपूर्व शर्मा उपस्थित रहे।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा और शिक्षा सचिव ज्योति कुमारी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान, उपराज्यपाल ने शिक्षा और वन सहित प्रमुख विभागों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा और अधिकारियों को जन कल्याणकारी पहलों में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उधर, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर उन्हें अपनी आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों से अवगत कराया। ग्राम पंचायत रामनगर के प्रधान मिथुन दास और सरपंच अरुण विश्वास ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात के दौरान पंचायत में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी ।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह नगर निगम विनियम, 1994 के तहत बनाए गए नगर पालिका भवन उप–नियम, 1999 के उल्लंघनों की पहचान करने और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान, संबंधित भवन निरीक्षक अनाधिकृत निर्माण, स्वीकृत भवन योजनाओं में विचलन और नगरपालिका परिषद या राजस्व विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना किए गए निर्माण का निरीक्षण करेंगे।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से वंडूर और रामनगर समुद्र तट पर 'द्वीप तट खेल' का आयोजन किया जाएगा। 30 और 31 अक्टूबर, को ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान व शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय तथा मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन, खेल, स्वस्थ मनोरंजन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। द्वीप तट खेल के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। वंडूर बीच की स्पर्धाओं में पंजीकरण के लिए इच्छुक प्रतिभागी निदेशालय की परिचालन इकाई से, जबकि रामनगर बीच, के लिए ब्लॉक विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

जनगणना 2027 के तहत जनसंख्या गणना के दूसरे चरण के संबंध में, मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती की अध्यक्षता में हाल ही में संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय अधिकारियों और प्रधान जनगणना अधिकारियों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस बैठक में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी; तीनों जिलों के उपायुक्त और जनगणना गतिविधियों से जुड़े अन्य अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त की ओर से उप महारजिस्ट्रार जसपाल सिंह उपस्थित थे। जनगणना संचालन निदेशक पूर्वा गर्ग ने द्वीपों में जनगणना 2027 की प्रगति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। यह सम्मेलन प्रशासनिक तैयारियों, प्रगणकों व पर्यवेक्षकों की तैनाती और प्रशिक्षण तथा जनगणना 2027 की गतिविधियों की प्रभावी निगरानी के लिए क्षेत्र–स्तरीय समन्वय पर केंद्रित था।

<><><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से दक्षिण अंडमान जिले में 28 से 31 अक्टूबर तक 'खारे पानी में जलीय कृषि– झींगा पालन और केज कल्चर पर विशेष जोर' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आईसीएआर–केंद्रीय खारा जलजीव पालन संस्थान, चेन्नई के सहयोग से 'रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को खारे पानी की जलीय कृषि, विशेष रूप से वैज्ञानिक झींगा पालन पद्धतियों और केज कल्चर तकनीकों में उनके ज्ञान और तकनीकी कौशलों की जानकारी देना है। इच्छुक प्रतिभागी संबंधित क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों या मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र, से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, 23 अक्टूबर, तक जमा किए जा सकते हैं। जाने

चाहिए। प्रशिक्षुओं को योजना के तहत यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

पैदल रास्तों को सुगम बनाने और नागरिक बुनियादी ढांचे को सुरक्षित रखने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने कल डेयरी फार्म क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस प्रवर्तन अभियान के दौरान, नगरपालिका की टीम ने सार्वजनिक पैदल मार्गों पर बनाए गए कई अनाधिकृत दुकान विस्तारों, डिस्प्ले रैकों और अस्थायी ढांचों को हटा दिया। नगरपालिका परिषद ने सभी दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और निवासियों को फुटपाथों, सार्वजनिक गलियारों और सड़क के किनारों पर कब्जा न करने को कहा है। नागरिकों से भी नए अतिक्रमण या जल निकासी में बाधा के मामले की सूचना नगरपालिका परिषद को देने की अपील की गई है।

<><><><><><><>